तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 जून 2025

14 संजारी शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का मुंह मीठा करा पाठ्य ...



13 सेजेस दुधली के प्रवेशोत्सव में बच्चों को मिठाई खिलाई






# धोबी समाज के सम्मेलन में सात युवक और 23 युवतियों ने दिया परिचय

## सम्मेलन में अनेक रिश्ते तय होने के मार्ग हुआ प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पिरीद मे धोबी समाज का विवाह योग्य बेटा बेटी परिचय एवं महिला सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर राजधानी से अनेक जिलों के पदाधिकारी को साथ लेकर पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष का समाज जनों ने छत्तीसगढ़िया कैसियो गंड़वा बाजा के साथ आत्मीय स्वागत किया। सम्मेलन में विवाह योग्य बेटा बेटी ने परिचय दिए, जिसमें देर रात तक अनेक रिश्तो की तय हो जाने की जानकारी मिली। इस परिचय सम्मेलन में 7 बेटा, 23 बेटियों ने अपना परिचय देकर मनपसंद जीवनसाथी चयन करने के लिए मार्ग प्रशस्त किये। सम्मेलन में पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने समाज के भवन बनवाने और समाज को राजनीति में प्रतिनिधित्व दिलाने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य, जनपद उपाध्यक्ष ने भी अपने विचार रखे और समाज के हर सुख दुख में साथ देने का वादा किया। प्रदेश अध्यक्ष ने समाज के नवनियुक्त पदाधिकारी को सामाजिक न्याय में पद और निष्पक्षता से न्याय करने की शपथ दिलाई और स्पष्ट शब्दों में कहा– कि गरीब हो या अमीर पदाधिकारी हो या बाहुबली जो समाज के नियम को तोड़ेंगे उनको समाज के नियम का पालन करना पड़ेगा और उन्हें समाज के मंच पर कभी महिमा मंडित नहीं किया जाएगा विशेष कर से अंतरजातीय विवाह करने वालों को, जो पदाधिकारी इस नियम को तोड़ता है तो जितने अंतरजातिय विवाह करने वाले लोग हैं जिन्हें दंडित किया गया है उनसे दंड से प्राप्त राशि को वापस करना पड़ेगा।





### छत्तीसगढ़ी गीतों की आकर्षण प्रस्तुति

इस अवसर पर समाज के बालक बालिकाओं ने भी शानदार प्रस्तुति दी जिसमें मोर बर ले देना राजा लाली लुगरा सोन के पैरी, ऑटो वाले भाटो जैसे कई छत्तीसगढ़ी गीत आकर्षण के केंद्र रहे। इस महासम्मेलन में दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, गुरुर राज के अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर, प्रदेश महामंत्री भोजराम करसेल, कार्यवाहक युवा प्रदेश अध्यक्ष अम्बे बाघमार, भोजराम निर्मलकर, टेकराम निर्मलकर, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चौतराम निर्मलकर, धनेश्वर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## दिवस : गोंड़ महासभा ने रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया

# जल, जंगल और जमीन की संस्कृति की रक्षा से रानी दुर्गावती का बलिदान होगा सार्थक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ गोंण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद के तत्वाधान में 24 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम महारानी दुर्गावती की 461 वीं बलिदान दिवस मनाया गया, यह कार्यक्रम अर्जुन्दा स्थित स्कूल प्रांगण के पिछे मैदान में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार व प्रांतीय अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तिरुमाल अरविंद नेताम थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष गोंडवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद तिरुमाय जितेश्वरी पडोटी ने किया।

मुख्य अतिथि नेताम ने कहा कि रानी दुर्गावती की बलिदान दिवस मनाना तभी सच्ची होगी जब जल, जंगल और जमीन की संस्कृति को हम बनाये रखेंगें, क्योंकि आदिवासीयों की देव व्यवस्था जल, जंगल और जमीन से जुड़ी हुई है, उन्होने आगे कहा कि अनुसूचित क्षेत्र में आदिवासीयों की संख्या घट रही है वह इसलिए कि बाहरी लोग धीरे धीरे प्रवेश कर रहें है, परिणाम यह आ रहा कि हमारे लोगों में बेरोजगारी बढ़ रही हैं, जो समाज के लिये चिंतनीय है, चिंतन प्रक्रिया नहीं अपनायी तो आने वाली दिनों में आरक्षण खतरे में भी पड़ सकती है।



### मुख्य गलियों में रैली निकाली गयी



उन्होंने आगे और कहा कि एसटीएस.सी.अधिनियम, पेशा एक्ट, वन अधिकार अधिनियम और आबकारी एक्ट को अध्ययन करें और कानूनी तौर से संघर्ष करें। इसके पूर्व पूरे समाज जनों का अर्जुन्दा के मुख्य गलीयों में रैली निकाली गयी जब रैली सभा में परिर्वतन हुआ तब सबसे पहले महारानी दुर्गावती की तैल चित्र में अभी अतिथियों द्वारा संकल्प लेकर फूल और सफेद चांवल चढ़ाया तथा माल्यार्पण किया, तत्पश्चात सभी अतिथियों का सम्मान पीला चांवल और पीला गमछा पहनाकर किया गया! इस अवसर पर विशेष अतिथियों ने भी सभा को सम्बोधित किया, जिसमें अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुन्दा सर्व प्रवेश जैन ने कहा कि आदिवासीयों से बहुत ही पुरानी जान पहचान और प्रेम है, जैसा सहयोग लेना चाहेंगे मैं तत्परता से सहयोग करुंगा, पूर्व सांसद बिरेस ठाकुर ने कहा कि समाज में शिक्षा बहुत जरुरी है व हमें एक सूत्र में बांधने वाली संस्कृति को बचाना जरुरी है।

### रानी दुर्गावती की गाथा सुनानी चाहिए

ममता मंडावी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को दुर्गावती की गाथा सुनानी चाहिए। जिवराखन मरई ने आदिवासीयों के देवी देवता और संस्कृति को नहीं मिटाने का संकल्प लिवाया, मंजू प्रभाकर उपाध्यक्ष ने प्रत्येक क्षेत्र में रानी दुर्गावती की बलिदान दिवस मनाने पर बल दिया, प्रेमलाल कुंजाम जिलाध्यक्ष ने लय लयोर साथियों को सांस्कृतिक शिक्षा पर बल दिया और आने वाली सर्त् 2026 में रानी दुर्गावती बलिदान दिवस डौंडीलोहारा में बनाने की घोषणा की, जितेश्वरी पडोटी सभा अध्यक्ष ने कहा अब धीरे धीरे मातृ शक्तियां जाग रही है, अब आने वाले हर पीढ़ीयों के बच्चीयों को रानी दुर्गावती जैसे साहसी बनाने का शक्ति संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि सरपंच, जनपद सदस्य, जिला जनपद सदस्य को स सम्मान किया गया, साथ ही समाजिक जन–प्रतिनिधि का भी सम्मान भी किया गया। उक्त कार्यक्रम विशेष रुप से प्रांतीय उपाध्यक्ष सर्व उमेंदी राम गंगराले, प्रांतीय महासचिव विनोद नागवंशी, उपाध्यक्ष सुखचौन नेताम, उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, अंकेक्षक ईश्वर उईके, कोषाध्यक्ष मोतीराम उईके, कामता प्रसाद, फिरंता उईके, दिलीप मंडावी, इन्द्रपाल तुमरेकी, रमेश सोरी, उतरा मरकाम, रुपा मंडावी, हेमलता मंडावी, नंदनी नेताम, कलेन्द्री ठाकुर, कामनी मंडावी, प्रेमलाल कोर्राम, राजेन्द्र पडोटी, पिताम्बर, रामचन्द्र, टीकम पडोटी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बालोद शहर को मिलेगी व्यवस्थित सड़क 137 अवैध कब्जों को हटाने की प्रक्रिया जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिला मुख्यालय बनने के लगभग 12 वर्षों बाद बालोद शहर में पहली बार डिवाइडर युक्त व्यवस्थित सड़क का निर्माण होने जा रहा है जो दल्ली चौक से रेल्वे फाटक तक लगभग ढाई किमी तक शहर में डिवाइडर निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। राजस्व विभाग के अनुसार 137 लोगों को अवैध कब्जा हटाने नोटिस दे चुके है। स्वेच्छा से न हटाने पर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई 26 जून को होगा। सड़क किनारे लगने वाले दुकान और चिन्हांकित किये गए एरिया के अंदर आने वाले दुकान और घरों को नोटिस जारी किया गया है।

नोटिस जारी होने के बाद बुधवार को फुटकर व्यापारी नगर पालिका पहुंचकर पालिका के सभी पदाधिकारियों से बातचीत किए जिसमें दुकानदारों ने दुकान हटाने के लिए 24 घंटे को 48 घंटे करने कहा जिस पर नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने का काम के तिथि में वृद्धि कर 24 घंटे को 48 घंटे किया है। चिन्हांकित हो चुके दुकानों को हटाने दुकानदारों ने भी शांति पूर्वक स्वीकारा किया है, 48 घंटे के भीतर दुकानें हटाने की बात कही। जिसका असर बुधवार को हो देखने को मिला जहां कई व्यापारियों ने बुधवार को ही दुकानें हटाने का काम किया। वही नगर पालिका ने पहुंचे हुए फुटकर व्यापारीयो को जो दस साल से चिन्हांकित हुए स्थान पर अपना दुकान लगा रहा है और नोटिस मिली हो उन्हें अस्थाई जगह बताया है। जिसमें गढ़कलेवा के पास खाली जगह पर, सरदार पटेल मैदान के पीछे वाली गली में, नगर पालिका के पास स्थित बाजार में दुकान लगा सकते है। डिवाइडर शहर को देगा सौंदर्यता और व्यवस्थित स्वरूप बालोद शहर जिला मुख्यालय बनने के बाद बालोद में लोगों का आवागमन और यातायात काफी बढ़ गया है। इससे सड़कों पर दबाव बढ़ा है, और अवैध ▶▶| शेष पेज 12 पर

## छग न्यायिक कर्मचारी संघ के रेखराज पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जिला इकाई बलोद की कार्यकारिणी घोषित

छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा बालोद के अध्यक्ष पद हेतु संपन्न चुनाव मे रेखराज देवांगन एक बार पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हे। इनका यह लगातार द्वितीय कार्यकाल है। 25 जून को संपन्न चुनाव मे नामांकन वापसी उपरांत शाम को छ.ग. न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा बालोद के अध्यक्ष पद का परिणाम जिला न्यायालय भवन परिसर बालोद मे मुख्य चुनाव अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी उदेराम नेताम तथा सहायक चुनाव अधिकारी सहायक लेखापाल आलोक कुमार महोबे द्वारा घोषित किया गया तथा नव निर्वाचित अध्यक्ष तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ रेखराज देवांगन को मुख्य चुनाव अधिकारी उदेराम नेताम तथा सहायक चुनाव अधिकारी आलोक कुमार महोबे द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उनका कार्यकाल 3 वर्षों तक रहेगा। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखराज देवांगन द्वारा अपने कार्यकारिणी का गठन किया गया।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखराज देवांगन ने कार्यकारिणी मे उपाध्यक्ष के पद पर उमेश्वरी सिंह, कोशाध्यक्ष खेमराज साहू, उप कोशाध्यक्ष सतीश देवांगन, सचिव नीलकंठ, सहसचिव चन्द्रकांत बघेल, संरक्षक संतोश खोब्रागढ़े, सुजीत कुमार साहू, देव हिरवानी, दिनेश देवांगन, सांस्कृतिक सचिव सुशील कुमार, चुन्नी लाल साहू, प्रचार सचिव राजेन्द्र पाल, भुनेश्वर, मिडिया प्रभारी संजीव देवांगन, महिला प्रतिनिधि अंगेश्वरी गोस्वामी, हेमलता साहू, उमा देवांगन, प्रीति मंडावी, उशा पिस्दा, निरूपा खाखा, सुमन सुधा रावटे, शिखा वर्मा, रानी नेताम, योगिता गेडाम, लक्ष्मी साहू, अर्चना साहू, दीप्ति यदु, पल्लवी साहू, शिखा वर्मा, क्रिड़ा सचिव अंकुर अग्रवाल, आशीश शुक्ला, संगठन सचिव परमेश्वर ठाकुर, गौरीशंकर हनवत ▶▶| शेष पेज 12 पर

# पड़ोसी ने की अभद्रता, महिला ने कलेक्टर से शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अपने पड़ोसी के हरकतो से तंग आकर एक महिला ने अपने पड़ोसी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग करते हुए कलेक्टर को आवेदन सौपा है।

टिकरापारा वार्ड 5 डौण्डीलोहारा निवासी ने अश्लील हरकत करने वाले वार्ड 5 टिकरापारा डौण्डीलोहारा निवासी अपने पड़ोसी के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि उसका पड़ोसी वार्ड 5 टिकरापारा डौण्डीलोहारा निवासी अपने पड़ोसी के आए दिन शराब पीकर गाली गलौज व गलत नजर उस पर गलत नजर रखता है। जहां 31 अक्टूबर 2024 को लक्ष्मी पूजा के रात 8:30 बजे अपने खुद के मोबाईल से मेरी तस्वीर लेकर मेरी मोबाईल मे वाट्सअप करता है एवं मेरे घर मे बाथरूम है वही पास मे ने अपनी गाड़ी जानबूझकर खड़ी करता है और अपने गाड़ी मे बैठकर मंजन कर घर की तरफ ताकता झाकना करता है जिसके वजह से महिला बहुत परेशान होने की बात कही है। महिला आगे बताया है कि उसके द्वारा पुलिस थाना डौण्डीलोहारा मे आवेदन दिया गया था लेकिन पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति के ऊपर कोई कार्यवाही नही की गई। जिस पर कार्यवाही करने के लिए थाना प्रभारी यादव गई थी लेकिन उक्त पड़ोसी के परिवार द्वारा थाना प्रभारी के उपर मारपीट भी कर दिया गया था। संपूर्ण घटना क्रम को लेकर आज पर्यन्त थाना प्रभारी डौण्डीलोहारा द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही किया और उक्त व्यक्ति एवं उनके परिवार का हौसला दिन ब दिन बुलंद होते जा रहा है और आज भी वह मेरे उपर बुरी नियत रखता है। इसलिए वार्ड 5 टिकरापारा डौण्डीलोहारा निवासी पड़ोसी के उपर उचित कानूनी कार्यवाही किया जाए।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के चुनाव को दोषपूर्ण ठहराया

# पिपरचेड़ी में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर भाजपा ने संगोष्ठी आयोजित कर कांग्रेस पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी मंडल करहीभदर द्वारा पिपरचेड़ी के साहू सदन में आपात काल देश के अध्याय का काला दिन के 50वां वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी को आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता उस समय आपात काल का दंश झेले एवं निवृतमान जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा उस समय अपने पिता नेमी लाल साहू एवं बालोद के 10 लोग के साथ पूरे भारत में अन्य राजनीतिक पार्टी के लोगो को भी इंदिरा गांधी ने जेल में 21 महीने के लिए जबरन जेल में डाल दिया।

प्रेस की स्वतंत्रता छीन लिया और न्यायपालिका को भी अपनी दमनकारी नीति से आजीवन प्रधानमंत्री बने रहने हेतु आपात काल लगा दिया और संविधान को बदलने का प्रयास किया आज भी कांग्रेस की नीति और उनके विचार यही है। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तोमन साहू ने कहा की भारतीय जनता पार्टी सिर्फ चुनाव लड़ने वाली पार्टी नहीं है जो सिर्फ चुनाव के समय ही जनता के पास जाती है पार्टी के हर एक कार्यकर्ता को देश के लिए और कांग्रेस के द्वारा किए गए अत्याचार के बारे में जानना जरूरी है। इस अवसर पर जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया जी उपाध्यक्ष दिनेश सिन्हा, जनपद सदस्य ममता साहू, सतीश भेड़िया, पिपरचेड़ी के सरपंच कृष्णा साहू, मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, जिला प्रतिनिधि देवधर साहू, महामंत्री मनीष गांधी, प्रदीप साहू, आपात काल कार्यक्रम के संयोजक संजय साहू, सह संयोजक प्रकाश सिन्हा, सेतु सांडिल्य, बूथ अध्यक्ष बीरेंद्र साहू, मनहरण साहू, दुगेश्वर साहू, बीरेंद्र साहू और सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चित्रसेन साहू ने किया।



## खरीफ सीजन की शुरुआत में ही डीएपी यूरिया की कमी, किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामों में धान बोनी का कार्य जोरों पर है लगभग एक सप्ताह में बोनी पूरी होने की संभावना है, लेकिन डीएपी ,यूरिया खाद की कमी के चलते किसान खेती से पिछड़ रहे हैं। अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा की सहकारी समिति में डीएपी, यूरिया खाद का संकट है।

निजी दुकानों में डीएपी खाद आसानी से मिल रहे है। खरीफ की तैयारीयों में जुटे किसानों को अभी से खाद बीज संकट से जूझना पड़ रहा है। सहकारी समिति में उपलब्धता नहीं होने से किसान निजी दुकानों का रुख कर रहे हैं। यहां उन्हें अधिक कीमत में डीएपी आसानी से मिल रही है। खरीफ की बुवाई से पहले डीएपी खाद की किल्लत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है, खाद की खुले आम काला बाजारी चल रही है, सहकारी समिति में 1350 रुपए में मिलने वाली डीएपी निजी दुकानों में अधिक कीमत में बेची जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि समिति में इस खाद का संकट है लेकिन निजी दुकानों में आसानी से उपलब्ध है अनिल सुथार ने कहा की खरीफ फसल धान की बोनी मानसून की बौछार से चालू हो गई है, सरकार की कृषि नीति की असफलता के चलते सोसायटी में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। जिसको देखकर लगता है की शासन किसानों को खाद समय में उपलब्ध नहीं करा रही है, जिससे धान का उत्पादन कम होगा और समर्थन मूल्य में कम धान खरीदना पड़ेगा, शासन प्रशासन से सोसायटी में खाद जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है ।

## खबर संक्षेप

### दूसरे धर्मों का सम्मान हमारी सांस्कृतिक विरासत : वर्मा



**गुण्डरदेही।** साहित्यकार डॉ परदेशी राम वर्मा अपने साहित्यिक टीम के साथ गुण्डरदेही पहुंचे। पद्मश्री शमशाद बेगम एवं स्थानीय साहित्यकार केशव राम साहू के साथ गुण्डरदेही में हिंदू मुस्लिम सद्भावना के उदाहरण स्थल मंदिर, मस्जिद, मजार पहुंचकर एक दूसरे समुदाय के द्वारा आपसी सद्भावना एवं सम्मान की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होने कहा कि दूसरे धर्म का सम्मान करना हमारा परंपरा ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक विरासत है। ठाकुर निहाल सिंह द्वारा चंडी माता एवं मजार की स्थापना की गई थी, अनवरत कई वर्षों तक मोहर्रम में ताजिया का आयोजन उनके परिवार एवं हिंदू समाज के द्वारा किया जाता था। डॉक्टर परदेसी राम वर्मा के साथ साहित्यकार डॉक्टर अशोक आकाश, बद्री प्रसाद पारकर, कमलेश चंद्राकर, मुनीलाल निषाद, जाकिर हुसैन, अब्दुल कलाम उपस्थित थे।

### कार ओवरब्रिज की दीवार से टकराकर हुई क्षतिग्रस्त




**बालोद।** दुर्ग से बालोद की ओर आ रही कार ग्राम पड़कीभाट के पास बने रेलवे ओवरब्रिज के नीचे ओवरब्रिज के दीवाल से कार टकरा गई। जिससे कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और कार में सवार ड्राइवर को मामूली चोंट आई है। जानकारी अनुसार कार दुर्ग से बालोद की ओर जा रहा था। यह घटना ड्राइवर को झपकी लगने के कारण हुआ है।

डाक्टर की पोस्टिंग के लिए

### जनपद अध्यक्ष ने की चर्चा



**बालोद।** जनपद पंचायत डौंडी लोहारा के जनपद अध्यक्ष कांती प्रकाश सोनबरसा ने देवरी अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं की कमी और डॉक्टर के पद की आवश्यकता के साथ ही क्षेत्र की जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर जिला कलेक्टर बालोद से सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने कलेक्टर को अवगत कराया कि देवरी अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं नहीं हैं और डॉक्टर का पद लंबे समय से रिक्त है, जिससे क्षेत्रवासियों को इलाज के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल सिर्फ रिफर सेंटर बन गया है। इसके साथ ही, ग्रामीण अंचल की सड़कों की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। जनपद अध्यक्ष सोनबरसा ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए कहा कि यदि इन बुनियादी समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीणों का जनजीवन और भी अधिक प्रभावित होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन जल्द ही आवश्यक कार्यवाही कर आम जनता को राहत प्रदान करेगा।

### घर घुसकर बलात्कार 10 साल की सजा

**दुर्ग।** वैशालीनगर थाना अंतर्गत 32 वर्षीय महिला से घर घुसकर मारपीट कर बलात्कार करने वाले को कोर्ट ने 10 साल की सजा से दंडित किया। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 12 मार्च 2022 को दोपहर करीब डेढ़ बजे की है।

# 25 में से 10 सरकारी विभागों में डाटा एंट्री ऑपरेटरों की पदोन्नति नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

छत्तीसगढ़ 15 विभागों में पदोन्नति चैनल निर्धारित कर डाटा एंट्री ऑपरेटरों को पदोन्नति दी जा रही है, लेकिन बाकी विभागों में डाटा एंट्री ऑपरेटर पदोन्नति से वंचित हैं। सभी विभागों में एकसमान पदोन्नति चैनल निर्धारित करने और पदोन्नत पद के समान समयमान-वेतनमान प्रदान करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। दोहरी नीति से वंचति कर्मियों में आक्रोश है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय कम्प्यूटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर कर्मचारी एसोसिएशन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस पर सुनवाई हो रही है।

## हाईकोर्ट में शुरू हुई सुनवाई, पक्षकार से आठ सप्ताह में मांगा जवाब

### जानिए इस मामले में कोर्ट ने क्या कहा...

एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि होना तो चाहिए, देखिए एम्पलाई हर समय एक ही पोस्ट पर बिना किसी प्रमोशनल एवेन्यू के रहे तो ठीक नहीं है। कुछ न कुछ होना ही चाहिए उसके लिए भी। वो जिस पोस्ट में अपाइंट होगा उसी से रिटायर करेगा ठीक नहीं, कुछ तो मिले कुछ भी तो मिले।सरकार की तरफ से पेश हुए वकील से जज ने कहा कि देर से ही आईये पर सही से तो आईए, ऐसा नहीं होना चाहिए, देखिए किसी को भी ऐसा बोलिए कि आप जिस पोस्ट में अपाइंट हुए थे उसी से रिटायर होएगा, ठीक नहीं है। सरकारी वकील के इस केस को खारिज करने के तर्कों पर जज ने कहा कि आप रिप्लाई के साथ आईए, मैं इस केस को डिस्पोज ऑफ करने की जल्दी में नहीं हूं।



### डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने दायर की याचिका

10 विभागों के डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने दायर की याचिका छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय कम्प्यूटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर कर्मचारी एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष आशीष शर्मा और प्रांतीय सचिव केदार कहरा ने बताया कि डाटा एंट्री आपरेटरों के साथ लगातार हो रहे अन्याय को लेकर विगत कई वर्षों से शासन प्रशासन को पत्राचार किया जा रहा था, लेकिन पत्रों पर कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण संघ के माध्यम से 10 विभागों के डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने एक साथ याचिका दायर किया है, जिसमें उच्च न्यायालय बिलासपुर ने शासन को नोटिस जारी करते हुए आठ सप्ताह में जवाब मांगा है।

### डाटा एंट्री ऑपरेटर कॉमन पद

एसोसिएशन का कहना है कि डाटा एंट्री ऑपरेटर का पद कोई विभाग विशेष का पद नहीं है जो केवल किसी एक विभाग में हो जिसके पदोन्नति का प्रावधान करने के लिए वह विभाग विशेष ही जिम्मेदार हो, डाटा एंट्री ऑपरेटर तो शासन के लगभग सभी विभागों में है, जिनकी शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता एकसमान है। एकसमान कार्य करते हैं तो फिर सरकार इनकी पदोन्नति के लिए एकसमान पदोन्नति चैनल निर्धारित क्यों नहीं किया गया है? यह डाटा एंट्री ऑपरेटरों के साथ अन्याय है। डाटा एंट्री ऑपरेटरों की योग्यताएं, प्रवेश स्तर पर ग्रेड वेतन, उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य एक समान हैं और इसलिए कुछ विभागों में डाटा एंट्री ऑपरेटरों के लिए पदोन्नति चैनल होना तथा अन्य विभागों में कोई पदोन्नति चैनल न होना, भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है।

## खबर संक्षेप

### कुम्हारी में मिला नवजात का भ्रूण, पुलिस जांच में जुटी



**कुम्हारी।** नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 2 स्थित नया तालाब के किनारे मंगलवार को 5-6 माह के अज्ञात नवजात भ्रूण का शव मिलने से नगर में सनसनी फैल गई। स्थानीय पुलिस द्वारा बरामद अज्ञात शव की जानकारी वार्ड पार्षद डिकेश पटेल के द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ किया गया। इसके पश्चात नवजात भ्रूण के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कुम्हारी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला युवक पकड़ाया



**भिलाई।** अश्लील वीडियो अपलोड करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि खुर्सीपार स्थित आईटीआई मैदान के पास पेड़ के नीचे एक युवक द्वारा अश्लील वीडियो लोगों को दिखाने की सूचना पुलिस को मिली। खुर्सीपार पेट्रोलिंग मौके पर पहुंची और युवक के हाथ से मोबाइल जब्त किया। पूछताछ करने पर अपना नाम युवक ने शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी दिलावर हुसैन बताया है। वीडियों दिखाना युवक ने स्वीकार किया। कार्रवाई में निरीक्षक वंदिता पनिकर की टीम का अह्म योगदान रहा है।

### कलामंदिर में सजी सुरों की महफिल



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अंतर्विभागीय संगीत प्रतियोगिता मंगलवार से महात्मा गांधी कला मंदिर में शुरु हुई। उद्घाटन समारोह में महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद तथा अभिजीत भौमिक विशिष्ट अतिथि थे। प्रतियोगिता में पहले दिन 126 पुरुष प्रतिभागियों ने हिंदी गायन में भाग लिया। निर्णायक मंडल वरिष्ठ कलाकार कीर्ति व्यास सहित सपन भट्टाचार्य, स्वाति पेंढारकर व सोनाली चक्रवर्ती शामिल थे। प्रशांत तिवारी ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन 20 वर्षों से निरंतर हो रहा है और यह बीएसपी की एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। प्रतियोगिता में कलाकार भालचंद्र शेगेकर, रविंद्र कर्मकार, भागवत साहू, बीबी परगनिहा, दिलीप शर्मा, साईं चक्रवर्ती, सतीश सिन्हा व देबब्रता मजुमदार ने संगत की। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन और सरजीत चक्रवर्ती ने किया।

### धनोरा में पौधारोपण



**दुर्ग।** ग्रामीण विधानसभा ललित चंद्राकर ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर धनोरा में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पौधे रोपे। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, अहिवारा विधायक डॉ. डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, प्रिया साहू, जितेन्द्र यादव सहित अन्य मौजूद थे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## हरिभूमि अभियान का दिखा असर, ट्रैफिक पुलिस ने पढ़ाया नियमों का पाठ

# प्यार से समझाइश के बाद भी नहीं माने ई-रिक्शा चालक तो शुरू हुई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई


हरिभूमि अभियान

हरिभूमि समाचार पत्र ने शहर में बढ़ती ई-रिक्शा व्हीकल संख्या और उनके द्वारा उड़ाई जा रही ट्रैफिक नियमों की धज्जियां को लेकर "साइलेंट व्हीकल, वायलेंट रफ्तार" अभियान चलाया था। इस अभियान को पाठकों जहां पाठकों ने सराहा तो वहीं रुंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बच्चे और ट्रैफिक पुलिस उन्हें समझाइश देने के लिए सड़कों पर उतरी।

ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा खुद अपने अधिकारियों के साथ सुपेला चौक में ई-रिक्शा चालकों से मिलीं और उन्हें गुलाब का फूल देकर कहा कि वो ट्रैफिक नियमो का पालन करके सड़कों पर चलें। मंगलवार को प्यार से समझाइश के बाद भी जब ई-रिक्शा चालकों के द्वारा ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं, तो उन्होंने उनके खिलाफ कानून का डंडा चलाते हुए चालानी कार्रवाई की।

एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत यातायात नियम का पालन न करने वाले ई रिक्शा एवं ऑटो चालको पर उनके द्वारा चालानी कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने चौक चराहों पर बेतरतीब पार्किंग, रेड सिग्नल और बिना लाइसेंस ई-रिक्शा चलाते पाए जाने पर उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

### शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शा की जांच की





### अब तक 569 के खिलाफ की गई कार्रवाई

ट्रैफिक पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उनके द्वारा समय समय पर आटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाती रही है। 1 जनवरी 2025 से लेकर अब तक ट्रैफिक पुलिस ने 569 आटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ चालानी व अन्य कार्रवाई की है।

### ट्रैफिक एएसपी ने दिए हैं ये निर्देश

- 1- ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को नेमप्लेट के साथ वर्दी पहनना जरूरी।
- गाड़ी में क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाना है।
- बिना लाससेंस वाहन नहीं चलाना है।
- यातायात नियम का पालन करना है, इसे लेकर चालकों को जानकारी दी जा रही है।
- रेड सिग्नल होने पर सर्विस लेन में वाहन नहीं खड़ा करना है।
- मानक से अधिक गति में वाहन नहीं चलाना है।
- वाहन चलाते समय नशा का सेवन नहीं करना है।
- आटो और ई-रिक्शा की पार्किंग सही और निर्धारित जगह पर ही करना है।

# बारिश में टाउनशिप के आवासों में अब सीपेज से मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बारिश के मौसम में अब बीएसपी टाउनशिप के आवासों में सीपेज की समस्या से राहत मिलने के आसार हैं। मकानों की छतों में वर्षों पुराने टार फेल्टिंग यानी डामरशीट की जगह वाटरप्रूफिंग एपीपी शीट का उपयोग शुरु किया गया है। इससे रहवासियों को सीपेज का सामना नहीं करना पड़ेगा।

■ छतों में टार फेल्टिंग की जगह एपीपी तकनीक

टाउनशिप के आवास पचास साठ साल पुराने होने से बरसात में छतों से पानी का रिसाव होता है। प्रबंधन के मुताबिक आवासों में सीपेज आना एक सामान्य समस्या रही है। पहले इन छतों की मरम्मत के लिए टार फेल्टिंग प्रक्रिया का उपयोग किया जाता था, लेकिन यह तकनीक प्रभावी साबित नहीं हो रही हैं। अब इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए बीएसपी के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा अब टाउनशिप में छतों की मरम्मत के लिए एटैक्टिक पॉलीप्रोपाइलीन (एपीपी) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।एपीपी तकनीक उच्च गुणवत्ता वाली सीलिंग प्रक्रिया है, जिसमें विशेष रूप से विकसित पॉलीप्रोपाइलीन सामग्री का उपयोग कर छतों की वॉटरप्रूफिंग की जाती है। यह तकनीक टार फेल्टिंग की तुलना में अधिक प्रभावशाली है और लंबे समय तक चलने वाली भी है। एपीपी तकनीक बरसात के मौसम में रिसाव की समस्या को पूरी तरह समाप्त कर सकने में सक्षम है।

### 275 मकानों में एपीपी

बीएसपी आवासों में एपीपी प्रक्रिया को नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (एनबीसीसी) द्वारा निष्पादित किया जा रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण और निगरानी की जिम्मेदारी भी इसी संस्था को सौंपी गई है, जिससे काम की पारदर्शिता और टिकाऊपन सुनिश्चित हो सके। नगर सेवाएं विभाग द्वारा शुरु की गई एपीपी प्रक्रिया वित्तीय वर्ष 2024-25 में डेढ़ हजार मकानों की छतों की मरम्मत की गई। 275 आवास व बीएमडीसी सहित 9 शासकीय भवनों में यह कार्य पूर्ण हो चुका है। 1 हजार और मकानों को इस वित्तीय वर्ष में शामिल किया जाना प्रस्तावित है।

# सेक्टर-5 के रहवासियों की बेदखली की तैयारी, पीड़ित मिले एडीएम से

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेक्टर-5 में बीएसपी के 24 यूनिट के आवासों में निवासरत परिवारों को बेदखली की तैयारी है। बीएसपी ने उक्त आवासों को डैमेज की श्रेणी में एकतरफा डाल दिया है। इसके बाद रहवासियों की बेदखली की कार्रवाई होनी है।

वर्तमान में लगातार बारिश का मौसम चल रहा है, जिससे जनजीवन पहले से ही प्रभावित है। ऐसी विषम परिस्थिति में कुछ परिवारों को उनके अस्थाई, स्थाई आवासों से बेदखल किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही है, जो कि मानवीय दृष्टिकोण से अत्यंत ही अनुचित है। इसे लेकर प्रभावित लोगों ने भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव से मामले की शिकायत की। इसके बाद देवेंद्र ने अपनी प्रतिनिधि के रूप में भिलाई निगम के एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू को कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात के लिए भेजा। प्रभावित परिवार की महिलाएं भी इस दौरान कलेक्ट्रेट पहुंची। उन्होंने बारिश के समय बेदखली की कार्रवाई ने केवल प्रभावित परिवारों को खुले आसमान के नीचे लाकर खड़ा कर देगी, बल्कि इससे बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं की सुरक्षा व स्वास्थय पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न को सकता है। राजू ने कहा कि वर्षा ऋतु समाप्त होने तक किसी भी प्रकार की बेदखली की कार्यवाही पर रोक लगाई जाए। बीएसपी के अधिकारियों को इस विषय में निर्देशित किया जाए कि मानवीयता को दृष्टिगत रखते हुए ऐसी कोई कठोर कार्यवाही न करें। इसे लेकर एडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



■ भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू

## नीट में सलेक्शन के लिए मेधावी छात्रा को विधायक ने दी 21 हजार की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर में मंगलवार को नवप्रवेशित बालिकाओं को तिलक लगा विधायक रिकेश सेन ने पाठ्य-पुस्तक का वितरण किया। रिकेश ने कहा कि सभी शासकीय स्कूलों को लगातार डेवलप कर शिक्षण के उपयुक्त संसाधन मुहैया कराना प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता है। नतीजतन हर स्कूल कैंपस को बेहतर बनाते हुए प्रैक्टिकल लैब, लायब्रेरी सहित लगातार शिक्षा व्यवस्था को उन्नत बनाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा और खेल के क्षेत्र में वो सभी नित नये आयाम गढ़ते हुए अपने बेहतर जीवन की आधारशिला अवश्य मजबूत करें। उन्होंने स्कूल की होनहार छात्रा ट्विंकल शर्मा को 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की। ट्विंकल ने एनईईटी 2025 में 98.52 फीसदी अंक प्राप्त कर 524वीं रैंक हासिल किया है। ट्विंकल ने 10वीं बोर्ड में 96 और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य संगीता बघेल सहित अन्य मौजूद थे।



■ ट्विंकल ने एनईईटी में 98 .52 अंक प्राप्त कर 524 वीं रैंक हासिल की

# बीएसपी में मेन पावर क्राइसेस भुगत रहे दोतरफा खामियाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

एशिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर क्राइसेस बढ़ता जा रहा है। इसका दोतरफा खामियाजा कार्मिकों और संयंत्र को भुगतना पड़ रहा है। बीएसपी में लंबे समय से नए कर्मियों की भर्ती मंद है और कर्मचारी तेजी से रिटायर हो रहे हैं। इसके चलते तीन साल में संयंत्र आधा खाली हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में मेन पावर की किल्लत से कर्मियों अधिकारियों के साथ ठेका मजदूरों को भी परेशानी हो रही है। पिछले दो दशक से सेल में नए कर्मियों की भर्ती कम हो रही है वहीं दूसरी ओर नियमित कर्मचारी और अधिकारी तेजी से रिटायर हो रहे हैं। इनकी जगह ठेका मजदूरों की तादाद साल दर साल बढ़ रही है। यूनियनों के मुताबिक मेन पावर कम होने से वर्कर्स पर वर्कलोड बढ़ रहा है। कई अनुभागों में नियमित कर्मियों की संख्या बहुत कम रह गई है,जहां कार्यरत कर्मियों के साथ ठेका मजदूरों पर भी वर्क लोड बढ़ रहा है और दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। वर्तमान में बीएसपी में मात्र दस हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। अधिकारियों की संख्या भी मात्र तेइस सौ बच गई है। वहीं ठेका श्रमिकों की संख्या 24 हजार पहुंच गई है। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि सत्तर के दशक में बीएसपी में साठ हजार से अधिक नियमित कर्मी थे,आज मात्र दस हजार बच गए हैंष जबकि उत्पादन कई गुना बढ़ गया है। मेन पावर कम होने से वर्कर्स पर काम का दबाव बढ़ रहा है।

### कैसे होगा उत्पादन का लक्ष्य पूरा

मेन पावर होने से बीएसपी का उत्पादन लक्ष्य गड़बड़ा सकता है। सेल का 31 मिलियन टन लक्ष्य पूरा करने के लिए बीएसपी ने अपना उत्पादन का लक्ष्य 11 मिलियन टन कर रखा है। इसी तरह भर्ती नहीं होने व तेजी से रिटायर होने से मेन पावर कम हो होने से बीएसपी के साथ सेल का भी उत्पादन टार्गेट मुश्किल होगा। यूनियन के मुताबिक 2028 तक बीएसपी में मात्र चार हजार से कम कर्मचारी बच जाएंगे। प्लांट कम्प्यूटराइज होने के बाद भी प्लांट को चलाने के लिए एक तिहाई मेने पावर की जरुरत पड़ेगी।

■ कम हो रहे नियमित कर्मी व बढ़ रहे ठेका मजदूर

## गोकुल नगर में लगेगा बायो गैस प्लांट

# गोबर से गैस बनाएगा भिलाई निगम, जगह तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

निगम अब गोबर से घरेलू गैस उत्पादन करने जा रही है। इसके लिए गोकुल नगर में बायो गैस प्लांट लगाएगा। गोकुल नगर क्षेत्र में मवेशी पालक गोबर को यूं ही फेंक रहे हैं। अव्यवस्थित बिखरे गोबर के सही उपयोग हेतु बायो गैस प्लांट की स्थापना किये जाने के संबंध में आयुक्त राजीव पांडेय, समाज सेवी गौ सेवक शिशिर तमोटिया एवं जोन आयुक्त के साथ निरीक्षण किया।

■ 6 हजार किलो कैलोरी की होगी हीट वेल्यू



### एलपीजी ईंधन से हल्की गैस, दुर्घटना की संभावना कम

शिशिर तमोटिया ने बताया कि मैं यह प्लांट स्वयं के व्यय से स्थापित कर संचालित करने के लिए इच्छुक हूं। इसको लगाने से शहर वासियों को बहुत सारे फायदे होंगे। यह बायो गैस "पाईप नेच्युरल गैस" (पी.एन.जी.) है। यह घरेलू एलपीजी ईंधन से हल्की होती है। जिसका हीट वैल्यू 6000 किलो कैलोरी/केजी होती है। इसके उपयोग से किसी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना नहीं होती है और स्वास्थ्य के अनुकुल है। जबकि एलपीजी गैस वजन में अधिक होती है, जिसका हीट वैल्यू 13000 किलो कैलोरी/केजी होती है। इसके उपयोग से दुर्घटना होने की संभावना अधिक रहती है और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

### भू आवंटितों को पैसा जमा करने नोटिस

गोकुल नगर में गौ पालन हेतु भूमि आबंटित किया गया था, जिसकी राशि आबंटितों द्वारा अब तक निगम कोष में जमा नहीं किया गया है। उन्हे राशि जमा करने नोटिस भी जारी किया गया है। आबंटित भूमि की राशि जमा नहीं करने पर निगम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आबंटितों की होगी। भ्रमण के समय गौ पालकों से इस संबंध में चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### छत्तीसगढ़ी गीतों की ...

निर्मलकर, भिलाई के अध्यक्ष गौतम रजक, जगन्नाथपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष अश्विनी निर्मलकर, बेदी राम निर्मलकर, लखन लाल रजक, संजारीराज के अध्यक्ष सरपंच तारन रजक, बजरंगी छाटा गुंडरदेही, देमेंद्र निर्मलकर अर्जुंदा, शुभम निर्मलकर बालोद आदि अनेक पदाधिकारी ने अपने विचार रखें और सभी समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया, इस महासम्मेलन में बालोद जिला का शीघ्र गठन करने का निर्णय लिया गया।

### रानी दुर्गावती की ..

बिसम्भर नागवंशी सहित सैंकड़ो की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहा, कार्यक्रम का संचालन महासचिव कृष्ण कुमार ठाकुर ने किया तथा अभार प्रर्दशन सेवंत मंडावी तहसील अध्यक्ष अर्जुन्दा ने किया।

### बालोद शहर को मिलेगी ...

अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो गई हैं। इस डिवाइडर के निर्माण से न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि शहर की सौंदर्यता और व्यवस्थित स्वरूप में भी सुधार होगा। सड़क पर डिवाइडर बनेगा, उसके बीच में स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी। जहां चौक है, वहां हाईमास्ट लाइट भी लगेगी, जिससे शहर का आभास भी होगा।

### छग न्यायिक ...

ओमप्रकाश भुआर्य, गजेश्वर ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य जितेन्द्र सोरी, लक्ष्मण उईके, लोकेश्वर नाथ योगी, नितिन डोंगरे, ताम्रध्वज देवांगन तथा योगेश ढीढी तथा व्यवहार न्यायालय गुण्देही के प्रतिनिधि के रूप मे राजपाल साहू, खोमन साहू, व्यवहार न्यायालय डौण्डीलोहारा प्रतिनिधि प्रीति साहू, गुंजन बघेल एवं व्यवहार न्यायालय दल्लीराजहरा के प्रतिनिधि विपिंन्द्र कुमार पटेल व मनीश दर्रार् को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर बैठक मे तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### हर्षोल्लास से कसही लो में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**डौंडीलोहारा।** समीप ग्राम कसही लो के प्राथमिक शाला में नवप्रवेशी बच्चों का प्रवेशउत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया, साथ ही नव-निर्वाचित पंच सरपंच का श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उपसरपंच नरेंद्र साहू पंच यशवंत साहू, खिलेश्वर मंडावी प्रधान पाठक श्रीमती शैलेन्द्र कुमारी साहू, शीतल कुलदीप मेडम, मालती यादव और साथ में ग्राम के गणमान्य नागरिक रोहित चंदनमलागर शाला समिति अध्यक्ष घनश्याम कुंजाम डोमन सोरी, हरिश्चंद्र मंडावी,सुकवारो बाई अनुसुइया बाई,मनटोरा बाईं,शांति बाई,आशोबाई,सुशीला बाईं,दामिनी मंडावी,रेवती बाईं,सविता बाई,एवं मितानिन सरोज साहू आदि उपस्थित होकर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया गया पौधारोपण



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक के अन्तर्गत संजारी के शासकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्था परिसर में पौधारोपण किया गया, जिसमें विजय रावटे, करमदीप सिग, अल्पना लाल मेडम, लोकेश वर्मा,राजेश साहू,एल रामाराव, निशांत अग्रवाल,विमल साहू,एवं छात्र छात्राएं शामिल होकर पौधारोपण किया गया ।

### शाला प्रवेशोत्सव में छात्रों का अभिनंदन

**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लाक अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खुटेरी (भट) में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमे नव प्रवेशी बच्चो का गुलाल से तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बच्चो को पुस्तक, गणवेश का वितरण किया गया। जिसमे गांव के सरपंच गजपति साहू, उपसरपंच मोतीराम साहू, समस्त पंचगण, शाला विकास समिति के अध्यक्ष उधोराम साहू, उपाध्यक्ष अजीत राम साहू एवं सदस्य गण उपस्थित रहें। संकुल की ओर से संकुल प्राचार्य एएन सिंह, संकुल समन्वयक केशव साहू, प्रधान पाठक दिलेश्वर प्रसाद साहू के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।इस कार्यक्रम में सतीश साहू, तिजुराम देशलहरे, एवन लाल धनकर, अशोक साहू, लोमेश साहू, केआर पटेल से उपस्थित थे। राधेश्याम साहू पंच के द्वारा अपने रुचि साहू के जन्मोत्सव के अवसर पर सभी बच्चों के लिए न्योता भोजन कराया गया।

### भाजपा ने डा.मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**लाटाबोड़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल के ग्राम पंचायत हल्दी में बूथ क्रमांक 275 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस मनाया गया और इस अवसर पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर उसके द्वारा दिए गए बलिदान को याद किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्र के जनपद सदस्य अश्वनी कुमार कटहरे ग्राम पंचायत हल्दी के सरपंच भगवत प्रसाद ठाकुर उपसरपंच कन्हैया लाल साहू बूथ अध्यक्ष जागेश्वर साहू बूथ अध्यक्ष शिव निषाद एवं ग्राम के अन्य प्रमुख गणमान्य नागरिक एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे

## निधन

### निधन गोविन्दा साहू

**अंडा।** ग्राम आमटी आबादी (निकुम)निवासी गोविन्दा साहू 73 वर्ष का आकस्मिक निधन 25 जून हो गया। वे कुछ दिन से अस्वस्थ चल रहे थे, वे अपने पीछे भरा पुरा परिवार को छोड़कर चले गये, वे योगेश साहू, तामेश्वर साहू के पिता व एन.के.साहू के मामा थे। उसके अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्ती धाम में किया गया।



## ग्राम अण्डा के आश्रम की साढ़े 3 एकड़ जमीन पर कब्जा हो चुका है

# शहीद आजाद के सहयोगी सुखदेव राज की प्रतिमा जर्जर और जमीन पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के सहयोगी क्रांतिकारी सुखदेव राज का दुर्ग से नाता रहा है। सुखदेव राज ने आखिरी के 10 साल दुर्ग शहर, और गांव अण्डा में रहकर कुष्ठ रोगियों की सेवा करते गुजारे थे। उनकी स्मृतियों को बनाए रखने के लिए पेंशनर महासंघ को संघर्ष करना पड़ रहा है।

जिस गांव में उनकी प्रतिमा स्थापित है, वह जर्जर हालत में हैं। वहां जमीन पर कब्जा हो चुका है। यही नहीं, दुर्ग शहर के जिस जगह पर वो कुष्ठ रोगियों का इलाज करते थे वहां नगर निगम ने मल्टी स्टोरी कॉम्पलेक्स निर्माण की योजना बनाई है। इसके बाद सुखदेव राज अलग-अलग जगहों पर रहे, और फिर 1963 में दुर्ग आ गए। सुखदेव राज की स्मृतियों को बचाए रखने के लिए लड़ाई लड़ रहे दुर्ग संभाग के पेंशनर महासंघ के संभागीय अध्यक्ष बीके वर्मा ने 'छत्तीसगढ़' से चर्चा में बताया कि क्रांतिकारी सुखदेव राज आचार्य विनोबा भावे के संपर्क में आए, और फिर दुर्ग में कुष्ठ रोगियों की सेवा में जुटे रहे। सुखदेव राज का 1973 में देहांत हुआ। उनके गुजरने के बाद ग्राम अण्डा में प्रतिमा स्थापित किया गया। इसका उद्घाटन 1976 में तत्कालीन





सीएम श्यामाचरण शुक्ल ने किया। इस दौरान शहीद भगत सिंह के भाई भी मौजूद थे। ग्राम अण्डा में आश्रम भी था, और करीब साढ़े 3 एकड़ जमीन भी थी जो कि कब्जा हो चुका है। यही नहीं, जिस स्थान पर क्रांतिकारी सुखदेव राज की प्रतिमा स्थापित है, वहां दीवार खड़ी कर दी गई है, और जमीन कब्जा कर लिया गया है। दुर्ग शहर के इंदिरा मार्केट के पास सुखदेव राज कुष्ठरोगियों की सेवा करते थे वहां जर्जर भवन को तोडक़र मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने की योजना है। क्रांतिकारी सुखदेव राज, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह के साथी थे। शहीद भगत सिंह के साथ क्रांतिकारी सुखदेव को फांसी हुई थी। इससे परे सुखदेव राज, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के साथ थे, और 1931 को भी अंग्रेजों के साथ मुठभेड़ से पहले आजाद के साथ प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में बैठे थे। बताया जाता है कि आजाद को अपनी घेराबंदी का अहसास हुआ तो उन्होंने सुखदेव राज को तुरंत वहां से रवाना कर दिया। सुखदेव राज किसी तरह बचकर निकल गए, लेकिन आजाद, अंग्रेजों के साथ मुठभेड़ के बाद खुद को गोली मारकर मौत को गले लगा लिया।

### सुखदेव की पुत्री का अंडा आगमन हुआ था

श्री वर्मा ने बताया कि क्रांतिकारी सुखदेव राज की पुत्री, जो कि दिल्ली में निवासरत हैं, वो डेढ़-दो साल पहले दुर्ग आई थीं, और ग्राम अण्डा भी आई थीं। पेंशनर महासंघ लगातार क्रांतिकारी सुखदेव राज की स्मृतियों को बचाए रखने के लिए संघर्षरत है। इस सिलसिले में सीएम से मुलाकात भी की थी। इसके अलावा नगर निगम की मेयर इन काउंसिल में सुखदेव राज की प्रतिमा लगाने और भवन का जीर्णोद्धार कर स्मारक के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी पारित किया था। मगर वर्तमान में फिर मल्टी स्टोरी पार्किंग की रूपरेखा बनाई जा रही है। इसका पेंशनर महासंघ और अन्य संगठनों ने विरोध किया है। इस पूरे मामले पर 'छत्तीसगढ़' ने दुर्ग की मेयर श्रीमती अलका बाघमार से चर्चा की। मेयर ने बताया कि क्रांतिकारी सुखदेव राज की प्रतिमा स्थापित करने के मसले पर एक बार चर्चा हो चुकी है। मगर इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है। अभी वर्तमान में क्या स्थिति है, यह तो वो फाइल देखकर ही बता पाएंगी। बहरहाल, पेंशनर महासंघ जनसंगठनों के सहयोग लेकर क्रांतिकारी सुखदेव राज की स्मृतियों को स्थाई रखने के लिए प्रयासरत हैं।

## 25 जून को काला दिवस के रूप में किया गया याद, भाजपा नेता ने आपातकाल को बताया तानाशाही का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

50 वर्ष पूर्व घोषित आपातकाल को लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला बताते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी अनिल खोबरागड़े ने कहा कि यह आज़ाद भारत के इतिहास का सबसे काला अध्याय है। इसी कारण हर वर्ष 25 जून को 'काला दिवस' के रूप में याद किया जाता है।

आपातकाल की 50वीं बरसी पर आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ प्रदर्शनी' का अवलोकन करते हुए खोबरागड़े ने कहा कि 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचल दिया। उस समय देशभर में कांग्रेस सरकार की तानाशाही, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ असंतोष फैल चुका था। विभिन्न गैर-कांग्रेसी दलों, छात्र संगठनों और स्वयंसेवकों ने आंदोलनों की शुरुआत की, जिससे भयभीत होकर 25 जून 1975 को आपातकाल लागू कर दिया गया। इस दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, मोरारजी देसाई, जॉर्ज फर्नांडिस, अरुण जेटली, नीतीश कुमार, शरद यादव समेत हजारों लोकतंत्र सेनानियों को जेल में बंद कर दिया गया। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पाबंदी लगाई गई और अखबारों के दफ्तरों में ताले जड़ दिए गए। खोबरागड़े ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भी बड़ी संख्या में लोकतंत्र समर्थकों की गिरफ्तारियां हुईं जिन्हें 'मीसाबंदी' के रूप में जाना गया। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने अपने कार्यकाल में ऐसे 320 मीसाबंदियों को सत्यापित कर पेंशन सुविधा प्रारंभ की थी। लेकिन पिछली कांग्रेस सरकार ने यह योजना बंद कर दी थी। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के गठन के साथ ही मीसाबंदियों की पेंशन बहाल करने की घोषणा स्वागत योग्य निर्णय है।

## मुढ़िया समिति में खाद संकट, किसानों ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुढ़िया में पर्याप्त मात्र में खाद न होने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानो ने बताया कि समिति मे कभी 500 बोरी तो कभी 800 बोरी खाद का भंडारण होता है, जिससे किसानों को पर्याप्त मात्र में खाद नहीं मिल पा रहा है, जिससे किसान परेशान होकर आपस मे वाद विवाद की स्थिति बना रहे हैं। किसानो ने बताया ग्राम गारका, कोसमी, मुढ़िया तीनों गांव के किसानों की मुढ़िया सोसाइटी से खाद वितरण किया जाता है। जहां समिति मे खाद के लिए जाते हैं तो समिति प्रबंधक के द्वारा बोला जाता है कि अभी खाद का मूल्यसूची नहीं आया है और जब घर वापस आते हैं तो पता चलता है खाद वितरण किया जा रहा है। प्रबंधक के इस व्यवहार से परेशान होकर किसानो के द्वारा अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

किसान अपनी समस्या समिति के सदस्य के बीच रखते हैं तो समिति के सदस्य किसान के बातों पर विचार ही नहीं करते। किसान गैनुराम, नैन दास बघेल, घनश्याम राय, चौतराम साहू, भोज राम भूआर्या, ताम्रज देशमुख, ऊजू घरेंद्र, दानू राम पटेल, खीलेश्वर साहू, फूलसिंह ठाकुर, भुनेश्वर साहू, चौतराम साहू, कीर्तन कोलियारा, राममूरत नायक, चंपूराम राणा, शिवराम नायक, कुशल साहू, देवकुमार साहू, रामकुमार सार्वा, रोमन साहू के साथ समिति के अध्यक्ष हेमलाल देशलहरे उपस्थित थे।

## चिखलाकसा में जलभराव रोकने नाले की सफाई कार्य पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



चिखलाकसा, आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए नगर के वार्ड क्रमांक 12 में जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु नाले की सफाई का कार्य तेजी से पूरा किया गया। यह कार्य आधुनिक चैन माउंटेन मशीन की सहायता से दक्षता के साथ संपन्न हुआ। स्वच्छ और हरित चिखलाकसा के उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए वार्ड पार्षद संध्या शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। इस कार्य में ब्रिज मणि यादव ने विशेष सहयोग प्रदान किया, वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण एवं कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से सफाई कार्य को समय पर और व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया गया। चिखलाकसा के स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की साफ-सफाई से न केवल जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी, बल्कि आसपास का वातावरण भी स्वच्छ बना रहेगा।

## धान की बोनी जोरों पर, डीएपी और यूरिया की कमी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामों में धान बोनी का कार्य जोरों पर है। लगभग एक सप्ताह में बोनी पूरी होने की संभावना है, लेकिन डीएपी, यूरिया खाद की कमी के चलते किसान खेती से पिछड़ रहे हैं।

अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा की सहकारी समिति में डीएपी, यूरिया खाद का संकट है। निजी दुकानों में डीएपी खाद आसानी से मिल रहे है। खरीफ की तैयारीयों में जुटे किसानों को अभी से खाद बीज संकट से जूझना पड़ रहा है। सहकारी समिति में उपलब्धता नहीं होने से किसान निजी दुकानों का रुख कर रहे हैं। यहां उन्हें अधिक कीमत में डीएपी आसानी से मिल रही है खरीफ की बुवाई से पहले डीएपी खाद की किल्लत ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। सहकारी समिति में 1350 रुपए में मिलने वाली डीएपी निजी दुकानों में अधिक कीमत में बेची जा रही है । हैरानी की बात तो यह है कि- समिति में इस खाद का संकट है लेकिन निजी दुकानों में आसानी से उपलब्ध है। अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा की खरीफ फसल धान की बोनी मानसून की बौछार से चालू हो गई है, सरकार की कृषि नीति की असफलता के चलते सोसायटी में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है जिसको देखकर लगता है की शासन किसानों को खाद समय में उपलब्ध नहीं करा रही है। शासन प्रशासन से सोसायटी में खाद जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है।

## मातेश्वरी जगदंबा की पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया



**डौं डी लो हा रा ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी का 60 वां पुण्य स्मृति दिवस /"मम्मा डे/" 24 जून को स्थानीय सेवा केन्द्र में श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस अवसर पर योग -तपस्या कार्यक्रम रखा गया और मातेश्वरी जी को भोग लगाया गया।सेवा केन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी की विशेषताओं एवं शिक्षाओं को बताया। लोग उन्हें प्रेम से मम्मा कहकर पुकारते थे। मम्मा जी की 2 मुख्य शिक्षायें प्रसिद्ध है -हुक्मी हुक्म चलाये रहा। और हर घड़ी अंतिम घड़ी है, यही संकल्प कर हर कर्म करो। उपस्थित सभी श्रद्धालु जनों ने मातेश्वरी मम्मा जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## मंगचुवा, मुल्लेगुड़ा व पोड़ के संतृप्ति शिविर में मिली राहत



**दल्लीराजहरा।** धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम मुल्लेगुड़ा, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मंगचुवा एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पोड़ में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में आदिवासी समाज के लोगों सहित बड़ी संख्या में हितग्राही शामिल हुए और विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविरों में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, मुद्रा लोन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड आदि योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। लाभ प्राप्त कर ग्रामीणों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल देखा गया। बालोद विकासखण्ड के ग्राम मुल्लेगुड़ा में आयोजित शिविर में 18 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 20 को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 1 को विद्युत सोलर कनेक्शन, 1 को वृद्धा पेंशन तथा 8 को अधिवास प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही 33 हितग्राहियों की सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच की गई। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मंगचुवा में 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 9 को आधार कार्ड, 46 को नया राशन कार्ड, 4 को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 2 को विद्युत सोलर कनेक्शन प्रदान किए गए। यहाँ 15 हितग्राहियों की सिकलसेल एवं एनीमिया जाँच भी की गई। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। ग्राम देवारभाठ में आयोजित शिविर में जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष और जनपद सदस्य की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## सेजेस दुधली के प्रवेशोत्सव में बच्चों को मिठाई खिलाई

हरिभूमि न्यूजःडौंडीलोहारा




स्वामी आत्मानंद विद्यालय दुधली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता माननीय देवलाल ठाकुर,जनपद सदस्य कौशल्या ठाकुर,अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति देव देवांगन, बीजेपी महामंत्री सुमेंद्र देशमुख ,सरपंच खपरी दिलीप बाण्डे, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद ईशाक खान, भुवन यादव,रवि कोमरे, पूर्णिमा देवांगन ,पावेंद्र कुमार देशमुख एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया बच्चों ने अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया, अतिथियों ने नव प्रवेशित बच्चों को चंदन लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया, मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर जी ने कहा कि सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करें और अपने माता-पिता गुरुजनों का नाम रोशन करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया, देव देवांगन ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और पढ़ाई करने के लिये प्रोत्साहित किया कौशल्या ठाकुर ने बच्चों को कड़ी मेहनत करने के साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने की प्रेरित किया संस्था प्राचार्य डी एन यादव ने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर अपने लक्ष्य को पाने के लिये कड़ी मेहनत करने के लिये कहा मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर ने अपना जन्मदिन विद्यालय में बच्चों के साथ केक काटकर मनाया और बच्चों को चॉकलेट वितरित किया। एक पेड़ माँ के नाम थीम पर अतिथियों के कर कमलों से शाला परिसर में पौधा रोपण किया गया।शाला प्रवेश उत्सव में मंच संचालन संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता आर एन राणा ने किया एवं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।

## कलेक्टोरेट पर गलत पार्किंग पर होगी चालानी कार्रवाई

**दल्लीराजहरा।** संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अव्यवस्थित वाहनों की बढ़ती समस्या को देखते हुए अपर कलेक्टर द्वारा पार्किंग व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। अब परिसर में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए स्पष्ट स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं, जिनका उल्लंघन करने पर चालानी कार्रवाई के साथ-साथ अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। यहां पार्क करें वाहनः दो पहिया वाहन – संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सामने बाउंड्री वॉल के समीप चार पहिया वाहन – कार्यालय भवन के दाईं ओर, डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने अतिरिक्त पार्किंग – भवन के पीछे भी एक वैकल्पिक पार्किंग स्थल विकसित किया गया है।



**क्यों उठाया गया कदमः** बालोद स्थित संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य प्रशासनिक विभागों के कार्यालय संचालित हैं। यहां पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी अक्सर परिसर के सामने मनमाने ढंग से वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे न केवल अव्यवस्था फैलती है बल्कि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

**क्या होगा उल्लंघन परः** निर्धारित पार्किंग स्थल के बाहर वाहन खड़ा करने पर—संबंधित वाहन चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### चंद्रदर्शन महाआरती का आयोजन

**बालोद।** बाबा रामदेव मंदिर में 26 जून आषाढ़ सुदी 1 को चंद्रदर्शन महाआरती का आयोजन मंदिर परिसर में संध्या 7:30 बजे से होगा। मंदिर समिति प्रमुख बाबूलाल जैन ने समस्त भक्तजनों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### हल्दी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया बलिदान दिवस



**लाटाबोड़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल के ग्राम पंचायत हल्दी में बूथ क्रमांक 275 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया और इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर उसके द्वारा दिए गए बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से क्षेत्र के जनपद सदस्य अश्वनी कुमार कटहरे ग्राम पंचायत हल्दी के सरपंच भगवत प्रसाद ठाकुर उपसरपंच कन्हैया लाल साहू बूथ अध्यक्ष जागेश्वर साहू बूथ अध्यक्ष शिव निषाद एवं ग्राम के अन्य प्रमुख गणमान्य नागरिक एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### डौंडीलोहारा महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**डौंडीलोहारा।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बी.एससी./बी.कॉम. भाग- तृतीय वर्ष में प्रवेश के इच्छुक समस्त छात्र-छात्रायें दिनांक 30 जून तक प्रवेश ले सकते है। 1 जुलाई 2025 से कक्षायें प्रारम्भ होगी। प्रवेश हेतु आवेदन फार्म महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त कर समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर संबंधित संकाय के प्रवेश प्रभारी से मूल दस्तावेज का सत्यापन कराकर प्रवेश लेवें। स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु द्वितीय मेरिट सूची दिनांक 01.07.2025 को जारी की जायेगी, प्रवेश की अंतिम तिथि 07.07.2025 निर्धारित है। स्नातकोत्तर एम.ए. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम मेरिट सूची दिनांक07.07.2025 को जारी की जावेगी। प्रवेश दिनांक 08.07.2025 से 15.07.2025 तक निर्धारित है।

### चिचबोड़ शाला में शिक्षक की कमी सौंपा ज्ञापन

**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला चिचबोड में शिक्षक की कमी को देखते हुए ग्रामीणों ने कलेक्टर और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को शिक्षक की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि ग्राम चिचबोड के शासकीय प्राथमिक शाला में वर्तमान में छात्रओं की दर्ज संख्या 61 से अधिक है तथा दो शिक्षक है जिसमें से एक शिक्षक प्रधानपाठक एवं दूसरा शिक्षक संकुल समन्वयक है। जिसके कारण बच्चों का अध्यापन कार्य नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण पालक अपने बच्चों का दाखिला स्कूल मे नही करवाना चाह रहे हैं। जिसे देखते हुए ग्रामीणों बुधवार को कलेक्टर और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है और ग्राम चिचबोड़ के शासकीय प्राथनिक शाला में अतिशेश दो शिक्षको की आवश्कता को पूर्ण करने की मांग ज्ञापन सौप कर की है।

## आयोजन

### अतिथियों ने शिक्षा के महत्व की जानकारी दी और नियमित स्कूल आने की सीख दी

# संजारी शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का मुंह मीठा करा पाठ्य पुस्तकों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी उपस्थित थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी ने किया, विशेष अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि माखनलाल भुआर्य, समिति सदस्य सदासिंह खुटियारे, पवन चनाप तथा गोवर्धन यदु उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया,साथ ही सभी बच्चों को मुंह मीठा करा कर शासन द्वारा प्राप्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया।

बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संतोष तिवारी ने कहा कि सभी बच्चों को विद्यालय में प्रवेश लेते हुए, एक बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार करना है। उन्होंने संस्था के बच्चों को प्रेरक प्रसंग के माध्यम से प्रगति पथ पर अग्रसर होने प्रेरित किया। माखनलाल भुआर्य ने कहा कि बच्चों को विषय चयन करते समय विशेष सावधानी रखनी चाहिए और उनका भविष्य में जो लक्ष्य है उसी को ध्यान में रखते हुए बिना किसी दबाव के विषय का चयन करना चाहिए।





### कोई विषय कठिन और कोई सरल नहीं होता

यह केवल एक भ्रांति है कि कोई विषय कठिन होता है और कोई विषय सरल। कैरियर निर्माण में सभी विषयों का अपना अपना महत्व होता है उन्होने कैरियर काउंसिलिंग पर विशेष जोर दिया। सदस्य सदासिंह खुटियारे ने कहा कि बच्चों के निर्माण में शिक्षक की मुख्य भूमिका होती है, एक बेहतर शिक्षक वह है जो बच्चों में श्रेष्ठ गुणों का निर्माण करे। बच्चे अपने माता पिता व शिक्षकों का सम्मान करें। व्याख्याता आलोक विश्वकर्मा ने कहा कि प्रवेश उत्सव मनाने का मूल उद्देश्य सभी बच्चों को विद्यालय तक लाकर शिक्षा उपलब्ध कराना है, साथ ही उन्होने विद्यार्थियों में नैतिक गुणों के विकास पर बल दिया। व्याख्याता डोंगरमल रामटेके ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हर बच्चा स्कूल जाए, यह संकल्प शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में व्याख्याता रीमा सोरी ने नशा मुक्त भारत का संकल्प का शपथ दिलवाया गया तथा व्याख्याता नंदिनी जोशी ने राष्ट्रीय जल मिशन के तहत जल शपथ दिलवाया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी ने किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने किया। कार्यक्रम उपरांत शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर व्याख्यातागण बबीता दीवान , अर्पणा वर्मा, मीनाक्षी आर्य, किरण शिवाने, उर्मिला नायक, डोंगरमल रामटेके, आलोक विश्वकर्मा, रीमा सोरी, नंदिनी जोशी, शिवेन्द्र बहादुर, गिरिजा भुआर्य, संगीता सुधाकर, आदि उपस्थित थे।

## सिकोसा में हर्षोल्लास से मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला सिकोसा में शाला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें ग्राम सिकोसा के जनप्रतिनिधि सरपंच प्रीतम ठाकुर एवं उपसरपंच संजय बारले, वार्ड पंच उमा चौरे, पालक महेश महिलकर, पालक मधु महादेवा, चित्ररेखा पटेल, पूर्णिमा यादव, टिकेश्वरी साहू एवं शाला परिवार के प्रधानपठिका चन्द्रकान्ता ठाकुर, शिक्षिकागण ज्योति दिल्लीवार, गीता चंद्राकर, भूमिका देवांगन, मनीषा पटेल, मनीषा मेश्राम एवं शिक्षक नोमिस कुमार साहू उपस्थित थे। शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों को चॉकलेट बिस्किट पैकेट के साथ पाठ्यपुस्तक सिकोसा ग्राम के सरपंचन प्रीतम ठाकुर, उपसरपंच सजंय बारले, पंच तथा पालक सदस्य उमा चौरे एवं सिकोसा प्राथमिक विद्यालय के समस्त शाला परिवार द्वारा पहली के बच्चों को प्रदान किया गया। उपसरपंच संजय बारले ने पहली के बच्चों को व्यक्तिगत स्तर पर स्लेट व पेंसिल प्रदान कर उनको शुभकामनाएं दी। साथ ही सरपंच, उपसरपंच एवं प्रधानपठिका द्वारा भाषण दिया गया। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम पर योजना के अंतर्गत जन प्रतिनिधियों, एसएमसी सदस्य एवं शाला परिवार द्वारा पौधारोपण शाला प्रांगण में किया गया।

## राहुद संकुल प्रवेशोत्सव में 16 प्रजातियों के पौधों का रोपण



**गुण्डरदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद में संकुल राहुद के अंतर्गत आने वाले सभी 6 प्राथमिक शाला, 3 उच्च प्राथमिक शाला एक हाई स्कूल और एक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा पहली ली, छटवीं तथा 9 वीं में नवप्रवेशित बच्चे, शिक्षकों, प्रधानपाठकों, व्याख्याताओं की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य हेमलता देशलहरा, सरपंच राहुद कुलेश्वरी साहू, सरपंच कसौंदा जितेंद्र कुमार चंद्राकर, सरपंच परसाही हेमलाल यदु, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष उमाशंकर ठाकुर उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया अतिथियों ने नवप्रवेशित बच्चों के मस्तक में तिलक लगाकर,पुस्तक और गणवेश भेंटकर स्वागत किया। साथ ही संकुल केंद्र में चलाए गए निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से नवोदय जवाहर विद्यालय में चयनित वेदांश देवांगन पिता खिलेंद्र और दक्ष चेलके पिता राजेश प्राथमिक शाला परसाही, राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृति परीक्षा में चयनित छात्र चारुशिखा पिता परस राम ठाकुर पूर्व माध्यमिक शाला राहुद को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे एक पेड़ मां के नाम श्के तहत विद्यालय प्रांगण में मुनगा, अमरूद, जामुन, करौंदा इत्यादि का कुल 16 पेड़ों की पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## पीएमश्री स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेश उत्सव



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पीएमश्री शास. प्रा., पूर्व माध्य, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में सत्र 2025-26 के कक्षा पहिली, छटवी एवम कक्षा नवमी के नव प्रवेशी बच्चों को धूमधाम से शाला में प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती माता की पूजा, वंदना करके किया गया। अतिथि स्वागत के पश्चात सभी नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा माला पहनाकर तिलक लगाकर मिठाई खिलाया गया, कक्षा पहिली, छटवी के बच्चों को गणवेश वितरित किया गया। कक्षा नवमी के बच्चों को पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत, टिकेंद्र चंद्राकर, नरेश गायकवाड़, सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार, उपसरपंच शशि ठाकुर एसएमसी अध्यक्ष मोती मारकंडे, स्मृति सोनी , भामिनी महार, बीना देवांगन, गोदावरी देवांगन, लक्ष्मी साहू , ललित साहू, दिनेश देशमुख, दीपक देवांगन, संतोष देशलहरे मालती दिल्लीवार, रोहित देशमुख, सरस्वती उमरे, मालती साहू, ममता तिवारी, रामेश्वरी रायते, भावना तिवारी उषा सिन्हा, चमेली ठाकुर, अंजू साहू, मनोरमा हालदार, दीपमाला चन्द्राकर एवं सभी विभाग के शिक्षक गण अन्य गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

## खपरी (ब) शाला प्रवेशोत्सव पाठ्य पुस्तकों का वितरण



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला खपरी (ब) में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन शाला के द्वारा किया गया था। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच लेखराम साहू, पंच अश्वनी कुमार साहू, कमल कुमार साहू, प्रधान पाठक जीपी. साहू, गोपी राम साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दीनदयाल साहू, रमोतिन साहू, सतरूपा ठाकुर, रेखा चंद्रवंशी, अमृता कुंजाम, लक्ष्मी अग्रवाल, महेश्वरी साहू, नेमीन साहू, पूर्णिमा साहू, कल्याण साहू, चित्ररेखा साहू सहित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के सभी शिक्षक व पालकों की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम पश्चात ग्राम पंचायत भवन परिसर में व शाला प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

## आनंद पब्लिक स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक कर किया गया स्वागत



**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में प्रवेश उत्सव मनाया गया।

प्रवेश उत्सव में सन्मति एजुकेशन सोसाइटी डौंडी लोहारा के अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा कक्षा नर्सरी में नवप्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर साथ ही उन्हें कापी भेंट कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में अध्यक्ष नोपचंद जैन, उपाध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव रवि जैन, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, मिश्रीलाल जैन, संदीप जैन, प्रभा जैन पालक सलाहकार समिति के अध्यक्ष उत्तम यदु, प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य साईनी मैथ्यूज, प्रधानपाठिका नोम साहू , आदि उपस्थित थे उक्त जानकारी वी के साहू ने दी।

# प्रगति हायर सेकंडरी विद्यालय के प्रवेशोत्सव में नवनिर्मित कक्ष को लोकार्पित किया गया





**डौंडीलोहारा।** प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवनिर्मित कमरे का लोकार्पण एवं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमति शांति बाई लोढ़ा, अध्यक्षता लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत , विशिष्ट अतिथि के रूप में हस्तीमल जी सांखला , नमो लोढा, प्रेमचंद भंसाली , नरेन्द्र लुंकड , सुशील लोढा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, सर्वप्रथम नवनिर्मित कमरे का लोकार्पण किया गया, तत्पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर पेन कापी भेंट की गई , संस्था अध्यक्ष हस्तीमल जी सांखला ने विद्यालय के विकास में योगदान देने वाले सभी दानदाताओं के प्रति आभार व कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि 33 वर्षों के सफर के बाद भी कुछ आवश्यकतायें अधूरी है , जिन्हें पूरा किया जाना आवश्यक है , कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने कहा कि विद्यालय की उतरोत्तर उन्नति में सभी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान है, इस विद्यालय ने अनेको क्षेत्रों में कार्य करने वाले विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण किया है, मुझसे जैसा भी सहयोग बन पड़ेगा मैं विद्यालय की आवश्यकताओं को पूरा करने में अवश्य मदद करूंगा।

- नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया और पेन कापी भेंट की गई

### आर्थिक सहयोग प्रदान किया जायेगा

कक्ष निर्माण में विशेष योगदान के लिए प्रयास करने वाले श्री नमो लोढा ने कहा कि आज का यह पल मेरे लिए खास है , क्योंकि मैंने इस विद्यालय में पढ़ते हुए अनेक विशिष्ट अतिथि लोगों को मंच पर बैठते हुए देखता था तो मन में मुझे एक ललक जागती रहती थी कि मैं भी एक दिन इस स्कूल में कुछ कार्य करने उपरांत मंच पर बैठूं ,आज मुझे यह अवसर मिला इसके लिए मैं विद्यालय के गुरूजनों का बहुत बहुत आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे इस काबिल बनाया , अपने उद्बोधन में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमचंद भंसाली जी ने कहा कि इतने वर्षो की लम्बी सेवा करने के बाद जो कार्य यहाँ के स्टाफ कर रहे हैं वह अनुकरणीय है , आज मंहगाई के दौर में भी कम मानदेय लेकर बच्चों के भविष्य निर्माण में पूरी तन्मयता से सेवा प्रदान करना बहुत महान कार्य है, उन्होंने कहा कि जब भी बाउण्ड्रीवाल का निर्माण होगा, मेरी ओर से आर्थिक सहयोग प्रदान किया जायेगा ,इसके पूर्व स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य राजकुमार देवांगन ने कहा कि आज विद्यालय में लोकार्पण का कार्य एक उदाहरण है।

### बाउण्ड्री वाल के निर्माण की मांग रखी

इस कार्य को ऐसे विद्यार्थी ने किया है जो प्रारंभ से ही कुछ कर गुजरने की इच्छा रखते थे , मैं नमो लोढा को बहुत बहुत बधाई देता हुं कि वे अपने कर्म क्षेत्र में उत्तरोतर वृद्धि करे और भविष्य में भी विद्यालय के साथ साथ गुरुदक्षिणा के रूप में इस वियालय के लिए कुछ और करे , श्री देवांगन जी ने विद्यालय मै अब तक किये गये निर्माणकर्ताओं को याद करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद का प्रत्यक्ष परिणाम है कि हम इस विद्यालय को प्रगति पथ पर ले जा रहे हैं , उन्होंने मंचस्थ अतिथियों से बाउण्ड्री वाल के निर्माण करने की मांग रखी ,इस अवसर पर श्री सुदेश लोढा ने अपने पिता श्री फत्तेलाल जी लोढा की स्मृति में वाटर कुलर तथा श्री नरेन्द्र लुंकड़ जी ने एक इलेक्ट्रिक बोर्ड स्कुल के नाम का प्लेट देने की घोषणा की , इस अवसर पर पूनम लोढा , धनेश यादव , संचालक ललित सिंह गौर , सुश्री कीर्तिबाला टांक , राधेश्याम गंजीर , उमेन्द्र सिन्हा , अनिल यादव , पुनीत राम सोनकली सहित अन्य स्टाफ व पालक गण उपस्थित थे , कार्यक्रम का संचालन बलदेव सिंह यादव शिक्षक ने किया।

### अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** अश्लील वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम में पोस्ट करने वाला गिरफ्तार। नंदिनी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाकर उसे फेसबुक और इंस्टाग्राम मे अपलोड करने के मामले में बागडूमर निवासी केतू ठाकुर,सोनू ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। बहरहाल मामले में पुलिस विवेचना कर रही है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# जैन साधु साध्वियों का पद विहार का क्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

गणाधीश प्रन्यास प्रवर श्रीविनय कुशल गणि जी मसा के शिष्य रत्न श्रीनंदीषेण मुनिजी मसा उग्र तपस्वी पन्यास प्रवर वीरभद्र मुनि मसा (विराग मुनिजी) भव्यमुनिजी मसा सुहस्तिभद्र मुनिजी मसा बालमुनि हंसभद्र मुनिजी मसा आदि ठाना पांच का सोमवार को शाम साढ़े चार बजे राजनांदगांव की दिशा में पद विहार हो गया।

जाते जाते भूल न जाना लौट कर वापिस जल्दी आना आदि विभिन्न धार्मिक जयघोष के साथ संघ समाज के लोगो ने नगर की सीमा तक पद विहार में साथ चलते हुए मुनिवृन्द को भावभीनी विदाई दी।पद विहार के पूर्व मुनिवृन्द ने नगर के लोगों की धार्मिक भावनाओं की अनुमोदना करते हुए निरन्तर धर्म की प्रभावना करने जिनशासन की सेवा करने व जिनवाणी श्रवण की प्रेरणा दी साथ ही मंगलपाठ का श्रवण कराया। मुनिवृन्द ने विहार के पूर्व नगर स्थित श्रीशान्तिनाथ जिनालय जैन मंदिर गए व वहाँ विराजित जिनप्रतिमा के दर्शन वंदन करते हुए परमात्मा की स्तुति की।



संघ के संतोष पारख व आशीष बाफना ने बताया कि संतद्वय का अल्प प्रवास हेतु नगर आगमन हुआ था ।मुनिवृन्द का इस वर्ष का वर्षावास राजनांदगांव संघ को प्राप्त हुआ है।इस वर्ष का वर्षावास 10 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है।जैन साधु साध्वियों के पद विहार का क्रम निरन्तर जारी है।चातुर्मास के नियत तिथि के पूर्व नियत ग्राम व शहर में पहुँचना अनिवार्य होता है।उल्लेखनीय है कि मुनिवृन्द में शामिल विरागमुनि जी मसा ने लगभग एक डेढ़ वर्ष पूर्व ही 171 उपवास की उग्र तपस्या की थी।इसके पूर्व वे अनेकों उग्र तपस्या कर चुके है।मुनिवृन्द में नवदीक्षित बालमुनि हंसभद्र मुनिजी भी शामिल है।जिन्होंने12 वर्ष की अल्पायु में ही लगभग एक माह पूर्व ही दुर्ग में दीक्षा ग्रहण की थी।बालमुनि को 22 जैन आगमों का ज्ञान है।मुनिवृन्द ने रात्रि विश्राम तीन किमी दूर ग्राम संबलपुर में किया।संबलपुर के जैन संघ के सदस्यों ने संतवृन्द की अगुवानी की।उल्लेखनीय है कि चातुर्मास के समय चार माह तक एक ही स्थान पर रहते हुए साधना आराधना करते हैं वही बाकी के आठ माह ग्रामनुग्राम पद विहार करते हुए जिनशासन की व जिनवाणी की प्रभावना करते है। नगर के जैन अर्चना भवन के सभागार में मंगलवार को युगप्रधान आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा की सुशिष्या विदुषी महासती प्रियंकाश्रीजी मसा ने अपनेआध्यात्मिक प्रवचनों के अंतर्गत कहा कि इस शरीर को कितना भी सजाए संवारे श्रृंगार करें खिलाए पिलाए पुष्ट करें आखिर में यह शरीर राख ही बनने वाला है।

